Roll No. ....
1800 -/15/25/55

M. A. (Final) Examination 2011

हिन्दी

अनिवार्य प्रश्नपत्र

प्रथम प्रश्नपत्र : आधुनिक और समकालीन काव्य

Time 3 Hours] [Max. Marks 100

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । दृष्टि बाधित परीक्षार्थियों के लिये 60 मिनिट अतिरिक्त समय की अनुमति है।

1. निम्नांकित गद्यांशों में से किन्हीं तीन की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :

(क) सखि, नील नभस्सर में उतरा,
यह हंस अहा ! तरता तरता ।
अब तारक मौक्तिक शेष नहीं,
निकला उनको चरता चरता ।
अपने हिम-बिन्दु बचे तब भी,
चलता उनको धरता धरता ।
गढ़ जायें न कंटक भूतल के,
कर डाल रहा डरता डरता ।।

अथवा

सारी वसुंधरा में गुरुपद पाने को,
प्यासी धरती लिए अमृत लाने को ।
जो संत लोक सीधे पाताल चले थे,
अच्छे हैं अब, पहले भी बहुत भले थे ।
हम उसी धर्म की लाश यहाँ ढोते हैं,
शोषित से सत्तों का कलंक धोते हैं ।।

(ख) पंच भूत का भैरव मिश्रण शंपाओं के सकल निपात ।
उल्का लेकर अमर शक्तियाँ, खोज रहीं ज्यों खोया प्रात ।।
घनीभूत हो उठे पवन फिर श्वांसों की गति होती रुद्ध ।
और चेतना थी बिलखाती, दृष्टि विफल होती थी क्रुद्ध ।।

अथवा

रवि हुआ अस्त ज्योति के पत्र पर लिखा अमर,
रह गया राम-रावण का अपराजेय समर ।
आज का तीक्ष्ण शर-विधृत क्षिप्र-कर वेग प्रखर,
शत शेल सम्वरण शील, नील नभ गर्जित स्वर ।
प्रतिपल-परिवर्तित-व्येह, भेद कौशल समूह,
राक्षस-विरुद्ध प्रव्यूह-क्रुद्ध-कपि-विषम हूह ।।

(ग) द्वीप हैं हम
यह नहीं है शाप
यह अपनी नियति है
यदि ऐसा कभी हो
यह स्त्रोतस्विनी ही कर्मनाशा की कीर्तिनाशा घोर
काल प्रवाहिनी बन जाए,
तो हमें स्वीकार है वह भी उसी में रेत होकर –
फिर छनेंगे हम,
जमेंगे हम,
कहीं फिर पैर टकेंगे ।।

अथवा

P. T. O.

समीप विशालाकार, अँधियारे लाल पर,
सूनेपन की स्याही में, डूबी हुई चाँदनी भी संवलाई हुई है ।
भीमाकार पुलों के बहुत नीचे भयभीत –
मनुष्य बस्ती के बियावान तटों पर,
बहते हुए पथरीले नालों की धारा में,
धराशायी चाँदनी के होंठ काले पड़ गये ।। 3×10=30

2. साकेत के नवम् सर्ग के आधार पर उर्मिला का चरित्र चित्रण कीजिए ।

अथवा

'कामायनी में, भावपक्ष एवं कलापक्ष का समन्वय है ।' स्पष्ट कीजिए । 15

3. 'परशुराम की प्रतीक्षा' का मूल प्रतिपाद्य क्या है ? उदाहरण देकर समझाइये ।

अथवा

'अज्ञेय प्रयोगवादी कवि हैं ।' इस कथन की समीक्षा कीजिए ।

अथवा

मुक्ति बोध जनचेतना के प्रतिनिधि कवि हैं । विवेचना कीजिए । 15

4. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच लघुउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए :
   (1) महादेवी वर्मा को आधुनिक युग की मीरा क्यों कहा जाता है ?
   (2) 'पंत कोमल कल्पनाओं के कवि हैं ।' क्या आप इस कथन से सहमत हैं ?
   (3) नरेश मेहता की काव्य भाषा पर प्रकाश डालिए ।
   (4) भवानी प्रसाद मिश्र की रचनाधर्मिता ।
   (5) दुष्यंत कुमार की गजल विधा पर प्रकाश डालिए ।
   (6) गिरिजा कुमार माथुर का व्यक्तित्व एवं कृतित्व ।
   (7) श्रीधर पाठक की राष्ट्रीय-चेतना ।
   (8) शमशेर बहादुर का अनुभूति पक्ष । 5×4=20

5. अतिलघुउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए :
   (1) साकेत की रचना किस कवि ने की है ?
   (2) प्रसाद ने कौन सा महाकाव्य लिखा है ?
   (3) निराला की दो रचनाओं के नाम लिखिए ।
   (4) 'परशुराम की प्रतीक्षा' किसकी रचना है ?

davvonline.com

   (5) पंत जी का जन्म कहाँ हुआ था ?
   (6) महादेवी वर्मा के किसी एक संस्मरण का नाम लिखिए ।
   (7) नवीन जी किस काव्य धारा के कवि हैं ?
   (8) अज्ञेय का पूरा नाम लिखिए ।
   (9) 'नदी के द्वीप' कविता किसने लिखी है ?
   (10) मुक्तिबोध का जन्म स्थान लिखिए ।
   (11) जगदीश गुप्त की किसी एक कृति का नाम लिखिए ।
   (12) 'सबके हृदय में सर्वदा संवेदना की दाह हो' – किस रचनाकार की पंक्ति है ?
   (13) 'निरख सखी ये खंजन आये' – किसकी रचना है ?
   (14) 'कलगी बाजरे की कविता' किसने लिखी है ?
   (15) 'यह द्वीप अकेला' के रचनाकार का नाम लिखिए ।
   (16) 'एक कंठ विष पायी' गीतिनाट्य है या कविता ?
   (17) 'अंधेरे में' रचना किसने लिखी है ?

davvonline.com

   (18) इड़ा किसका प्रतीक है ?
   (19) 'ओ चिंता की पहली रेखा' प्रसाद के किस सर्ग से उद्धृत पंक्ति है ?
   (20) 'सरोज स्मृति' के रचनाकार कौन हैं ? इस कविता के केन्द्र में कौन है ? 20